हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, सोमवार 6 अक्टूबर 2025
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

4 सिरौली में मनाई गई वीरांगना रानी दुर्गावती की जयंती



## खबर संक्षेप

### कोयला एवं स्टील समिति की सदस्य बनीं सांसद



**मनेन्द्रगढ़।** कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत को भारत सरकार द्वारा कोयला एवं स्टील संबंधी संसदीय समिति का सदस्य नियुक्त किए जाने पर पूरे क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। इस अवसर पर पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने सांसद श्रीमती महंत को बधाई दीं। उन्होंने कहा कि श्रीमती ज्योत्सना महंत का कोयला और स्टील समिति में शामिल होना न केवल कोरबा क्षेत्र के लिए, बल्कि पूरे छग के लिए गौरव की बात है। वे हमेशा जनहित, श्रमिकों के अधिकार और क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध रही हैं। उनकी इस महत्वपूर्ण समिति में उपस्थिति से कोयला उद्योग से जुड़े मुद्दों को नई मजबूती और प्रभाव मिलेगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि कोरबा, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर सहित पूरे अंचल की अर्थव्यवस्था का आधार कोयला क्षेत्र है और ऐसे में सांसद ज्योत्सना महंत की समिति में भूमिका से स्थानीय समस्याओं और विकास योजनाओं को राष्ट्रीय स्तर पर अधिक प्राथमिकता मिलेगी।

### दिनभर जारी रहा धूप-छांव का खेल



**सोनहत।** मुख्यालय सहित आसपास के विभिन्न ग्रामों में 5 अक्टूबर को सुबह से मौसम साफ नजर आया। तेज धूप दोपहर तक बनी रही, वहीं आसमान में हल्के बादलों की आवाजाही के चलते शाम तक धूप-छांव का सिलसिला चलता रहा। दिनभर मौसम साफ रहने से लोगों ने बारिश से राहत की सांस ली और अपने दैनिक कामकाज निपटाने में व्यस्त नजर आए। हाल के दिनों में हो रही लगातार बारिश को लेकर स्थानीय किसानों ने चिंता जताई है। उनका कहना है कि बार-बार हो रही बारिश से जल्दी पकने वाली डांड़ और चंवर क्षेत्रों की धान फसल को नुकसान पहुंच रहा है। खेतों में पके धान की फसल गिरने लगी है, इसके अलावा बारिश के कारण दलहन, तिलहन और आलू जैसी फसलों की बोनी पर भी असर पड़ रहा है।

### पति ने पिता के साथ मिलकर पत्नी को पीटा



**अम्बिकापुर।** बाडी में मूंगफली उखाड़ रही पत्नी को पति ने पिता के साथ मिलकर जमकर पिटाई कर दी। चंदौरा थाना अंतर्गत ग्राम गोरसी भुडूपानी निवासी सुनिता पति रामरूप (30 वर्ष) गत दिन बाड़ी में जेठ धनसाय मूंगफली उखाड़ रहा था तभी सुनिता खाने के लिए मूंगफली उखाड़ने लगी तभी पति मौके पर पहुंचा और पत्नी को घर लेकर आया और पिता के साथ मिलकर पत्नी की जमकर पिटाई कर दी। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पति व ससुर के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### परिवार सहमा, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल, बढ़ी वारदातें

# खोंगापानी में चोरों का आतंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़





एमसीबी जिले के खोंगापानी क्षेत्र में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बीती रात अज्ञात चोरों ने खोंगापानी निवासी आर्मी जवान चंदन राय के घर धावा बोल दिया। घटना के समय चंदन राय जम्मू में अपनी ड्यूटी पर तैनात थे, जबकि घर में उनकी मां, पत्नी और बहन मौजूद थीं। अचानक हुई इस वारदात से पूरा परिवार दहशत और सदमे में है। सूत्रों के अनुसार चोरों ने बड़ी बेखौफी से घर के बाहर रखी अलमारी को खींचकर लाया और वहीं तोड़कर अंदर रखे कीमती सामान और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। चोरों की यह निडर हरकत साफ दिखाती है कि उन्हें न तो कानून का डर है, न ही पुलिस की मौजूदगी का कोई भय। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले एक माह में खोंगापानी क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक घरों में चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। लगातार हो रही इन वारदातों के बावजूद अब तक कोई भी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया है, इससे क्षेत्र में कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान लग गया है।

■ आर्मी मैन के घर चोरी

### सैनिक परिवारों में गहरी चिंता

आर्मी मैन चंदन राय देश की सरहद पर अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं, वहीं उनके पीछे परिवार असुरक्षा के साय में जी रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब सैनिकों के घर तक सुरक्षित नहीं हैं, तो आम नागरिकों की सुरक्षा की गारंटी कौन देगा। इलाके में रहने वाले सैनिक परिवारों और महिलाओं में भय का माहौल है।

### स्थानीयों की मांग जल्द कार्रवाई हो

ग्रामीणों ने प्रशासन और पुलिस से मांग की है कि क्षेत्र में लगातार बढ़ते चोरी के मामलों पर तत्काल लगाम लगाई जाए और चंदन राय के घर हुई वारदात में शामिल आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए। लोगों का कहना है कि पुलिस गश्त और निगरानी बढ़ाई जाए ताकि चोरों का आतंक खत्म हो और क्षेत्र में फिर से शांति बहाल हो सके।

### भाजपा नेता पर पुलिसकर्मियों से मारपीट का आरोप, एफआईआर दर्ज

**कोरिया कॉलरी।** नगर निगम चिरमिरी क्षेत्र के कोरिया कॉलरी में दशहरा पर्व के अवसर पर आयोजित रावण दहन कार्यक्रम के दौरान बड़ी घटना सामने आई है। स्वास्थ्य मंत्री के करीबी माने जाने वाले भाजपा के युवा नेता निखिल सिंह और उसके साथी पर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से मारपीट व गाली-गलौज का आरोप लगा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार्यक्रम के दौरान भीड़ नियंत्रण को लेकर पुलिस और निखिल सिंह के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ा और आरोपी नेता ने पुलिसकर्मियों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए धक्का-मुक्की व हाथापाई कर दी। मौके पर मौजूद लोगों ने इस घटना का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आरोपी निखिल सिंह एवं उसके साथी विकास प्रधान के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दोनों आरोपी फिलहाल पुलिस गिरफ्त से फरार बताए जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक इस घटना से पुलिस विभाग में नाराजगी है। वहीं स्थानीय नागरिकों व राजनीतिक हलकों में भी भाजपा नेतृत्व को लेकर सवाल उठने लगे हैं। विपक्ष ने आरोप लगाया है कि निखिल सिंह स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का करीबी है और इसी कारण वह प्रशासनिक व्यवस्था को गंभीरता से नहीं लेता। विपक्ष ने सरकार से आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। दूसरी ओर भाजपा खेमे की ओर से इस पूरे मामले पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

# तेज रफ्तार कार का कहर, चार बाइक को उड़ाती दुकान में घुसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

नगर पालिका शिवपुर चरचा के वार्ड क्रमांक 3 स्थित विवेकानंद कॉलोनी मुख्य मार्ग पर रविवार दोपहर एक तेज रफ्तार कार ने कहर बरपाया। अनियंत्रित हुई टाटा अल्ट्रोज सीजी 16 सीआर 5247 पांच बाइकों को टक्कर मारते हुए सीधे एक दुकान के शटर में घुस गई। गनीमत रही कि हादसे के समय सड़क पर भीड़ नहीं थी, वरना बड़ी जनहानि हो सकती थी।

■ चरचा कॉलरी में बड़ा हादसा

जानकारी के अनुसार सुभाष चौक की ओर से तेज रफ्तार में आ रही कार अचानक नियंत्रण खो बैठी। कार पहले डस्टबिन और खंभे से टकराई, फिर विक्रांत सिंह की बाइक को जोरदार टक्कर मारते हुए आगे बढ़ी। रास्ते में बोर्ड तोड़ते हुए संजू सरदार, प्रमोद जयसवाल, काशीनाथ व एक अन्य व्यक्ति की बाइकों को भी नुकसान पहुंचाया। अंततः कार आशुतोष सिंह की दुकान के शटर में घुसकर रूक गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार में तीन युवक सवार थे, जो नशे की हालत में और नाबालिग बताए जा रहे हैं। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि मौके पर भगदड़ मच गई। एक युवक भाग निकला जबकि दो को स्थानीय लोगों ने पकड़कर वाहन से बाहर निकाला। एयर बैग खुलने से तीनों की जान बची।

स्थानीय लोगों ने बताया कि यह वही कार है जिसने कुछ माह पूर्व नेपाल गेट के पास भी लापरवाही भरी दुर्घटना की थी। 5 अक्टूबर को फिर से इसकी तेज रफ्तार ने खतरा पैदा कर दिया। घटना के बाद विवेकानंद कॉलोनी में लोगों में भारी आक्रोश है। नागरिकों ने बताया कि क्षेत्र में नाबालिग और नशे में धुत युवक अक्सर तेज गति से वाहन चलाते हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। सूचना मिलते ही चरचा पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन समेत दोनों युवकों को हिरासत में लेकर कार जब्त कर ली। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि तीनों युवक स्थानीय निवासी हैं और बिना लाइसेंस वाहन चला रहे थे। पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है और सख्त कार्रवाई की बात कही है। स्थानीय नागरिकों ने अभिभावकों से अपील की है कि नाबालिगों को वाहन न चलाने दें और ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करें। साथ ही नगर पालिका से सड़क किनारे सुरक्षा बैरिकेड और चेतावनी संकेत लगाने की मांग की गई है,ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।



टक्कर से क्षतिग्रस्त बाइक।



क्रेन पर लोड कर ले जाती पुलिस।

# शरद पूर्णिमा आज, खीर के साथ होगी पूजा-अर्चना

**बैकुण्ठपुर।** विभिन्न शुभ संयोग में 6 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा मनाई जाएगी। शरद पूर्णिमा के दिन चंद्रमा अपनी सोलह कला से पूर्ण रहने के साथ पृथ्वी के करीब रहती है। कुछ लोगों के द्वारा शरद पूर्णिमा के दिन उपवास रखकर इंद्र और कुबेर की पूजा विधि-विधान के साथ की जाती है।

मान्यता है कि शरद पूर्णिमा के दिन चंद्रमा अमृत बरसाती है, इसके कारण ही रात को खीर चंद्रमा के नीचे रखा जाता है और प्रातःकाल उसे भगवान को अर्पण कर प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता है। इस दिन घर में घी के दीपक भी जलाई जाती है। मान्यता यह भी है कि ऐसा करने से रात में लक्ष्मी जी भ्रमण करती है और जिन घरों में उनकी दीपक जलाकर पूजा की जाती है, उन्हें प्रसन्न होकर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करती है। आज के दिन सुबह स्नान कर व्रत की शुरूआत की जाती है और शाम को लक्ष्मी जी का ⏭ शेष पेज 4 पर



### आयुर्वेद विभाग मरीजों को औषधीयुक्त खीर देते हैं

शरद पूर्णिमा का महत्व इसी बात से लगाया जा सकता है कि हमारे धार्मिक मान्यता को आयुर्वेद विभाग भी मानता है और इस दिन विभाग औषधीयुक्त खीर बनाता है। शरद पूर्णिमा के दिन बनाई गई खीर श्वांस दमा, एलर्जी के मरीजों को लाभ मिलता है। इसी कारण प्रतिवर्ष आयुर्वेद विभाग द्वारा शरद पूर्णिमा के दिन ऐसे रोगियों के लिए खीर बनाकर उसमें अन्य औषधी मिलाया जाता है, जो दमा, श्वांस रोगियों के लिए काफी लाभदायक होता है।

### सोनवाही बांध में युवक पर प्राणघातक हमला

**बिश्रामपुर।** मां दुर्गा की प्रतिमा विदाई के दौरान सोनवाही बांध में एक युवक पर प्राणघातक हमला किए जाने की खबर है। गौरतलब है कि शुक्रवार रात करीब 10 बजे दुर्गा विसर्जन के दौरान सोनवाही बांध में अम्बिकापुर शहर से कई श्रद्धालु मां दुर्गा की प्रतिमा को विसर्जित करने आए थे। प्रार्थी 28 वर्षीय उज्जवल विश्वास ने बताया कि पुरानी रंजिश पर दिलीप धर, राजेश धर और दीपेश धर के गुट ने गाली-गलौज करते हुए लाठियों से प्राणघातक हमला कर दिया जिससे प्रार्थी के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आई है।

# विश्व आवास दिवस आज, पीएम आवास योजना पर जोर

**बैकुण्ठपुर।** 6 अक्टूबर को विश्व आवास दिवस मनाया जाएगा। यह दिवस अक्टूबर माह के पहले सोमवार को मनाया जाता है। कोरिया जिले में एक बार फिर सभी जरूरतमंदों के लिए पर्याप्त आवास के लक्ष्य को जमीन पर उतारने का संकल्प लिया गया है।

विगत वर्षो की भॉति इस वर्ष भी जिले के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में आवास की स्थिति सुधार लाने और टिकाई निर्माण पर विशेष ध्यान केन्द्रीय किया गया है। विश्व आवास दिवस का उद्देश्य है कि प्रत्येक इंसान का पर्याप्त आश्रय के मूलभूत अधिकार है और ग्रामीण क्षेत्रों के साथ शहरों के भविष्य को आकार देने की जिम्मेदारी हम सभी की है। प्रदेश में भाजपा सरकार के आने के बाद पीएम आवास योजना का लाभ सभी जरूरतमंदों को प्रदान करना है।



कोरिया जिले में पीएम आवास योजना के तहत गरीबों एवं जरूरतमंदों को पक्के मकान उपलब्ध कराने का काम तेजी पर है। जिला प्रशासन के अधिकारियों के अनुसार योजना के तहत लक्ष्य को पूरा करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि हर पात्र परिवार को सुरक्षित और सम्मानजनक छत मिल सके।

जिले के दूरस्थ और वनांचल इलाकों में भी रहने वाले परिवारों को प्राथमिकता देते हुए आवास निर्माण की गति को बढ़ाया गया है, इसके लिए लगातार सर्वेक्षण एवं डेटा संकलन का कार्य की जा रही है साथ ही निर्माण कार्य के गुणवत्ता की नियमित रूप से निगरानी की जा रही है।

# कॉलेज में अर्थशास्त्र विभाग की व्याख्यान माला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप के नेतृत्व में 4 अक्टूबर को अर्थशास्त्र विभाग द्वारा बाजार संरचना विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शासकीय रानी दुर्गावती महाविद्यालय वाड्रफनगर के अर्थशात्र विभागाध्यक्ष एवं प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार सिंह उपस्थित रहे। साथ ही अतिथि के रूप में प्रवीण मिश्रा अतिथि व्याख्याता इतिहास विभाग ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूवात मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बाजार की भूमिका पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता डॉ. सुधीर कुमार सिंह ने भी बाजार संरचना के अंतर्गत एकाधिकार बाजार, अल्पाधिकार बाजार, पूर्ण प्रतियोगिता बाजार व एकाधिकारी प्रतिस्पर्धा बाजार के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा इन्होंने स्नातकोत्तर छात्राओं को यूजीसी नेट सेट परीक्षा से जुड़ी जानकारी भी प्रदान की और उनके प्रश्नों का समाधान सरल भाषा में किया।



इसी तरह प्रवीण मिश्रा ने भी छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में जानकारी दी। मंच संचालन डॉ. पवन कुमार उपाध्याय ने किया तथा छात्राओं को बाजार संरचना के बारे में प्रकाश डाला।

अंत में प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप ने मुख्य वक्ता डॉ. सुधीर कुमार सिंह व प्रवीण मिश्रा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात डॉ. पवन कुमार उपाध्याय ने अतिथियों का आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एमए अर्थशास्त्र की छात्रा देवंती राजवाड़े, पूजा यादव, प्रियंका, विद्या सिंह, राजकुमारी, खुशी वैष्णव, रूबी, सीमा, सोनल साहू सहित अन्य छात्राओं का विशेष योगदान रहा।

### शिवनन्दनपुर में चला स्वच्छता अभियान

**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत शिवनंदनपुर में रजत महोत्सव के अवसर पर नगर पंचायत कार्यालय प्रागंण में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। स्वच्छता ही सेवा के तहत श्रमदान कर साफ सफाई का शपथ लिया गया,रजत महोत्सव अन्तर्गत नगर में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत शिवनंदनपुर सीएमओ सुनील सिन्हा,रितेश जायसवाल, मनी बग्गा, श्यामू साहू, अमित मित्तल, नरेन्द्र प्रजापति समेत आंगनबाडी कार्यकर्ता, महिला समूह के सदस्य एवं मितानीन उपस्थित रहे।

### शिक्षा गुणवत्ता पर रखना होगा फोकस

# दशहरा अवकाश के बाद आज से स्कूलों के खुलेंगे पट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

करीब एक सप्ताह के दशहरा अवकाश के बाद जिले के स्कूलों का पट 6 अक्टूबर से खुल जाएगा और विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति से चहल कदमी बढ़ जाएगी।

इस वर्ष चालू शिक्षा सत्र में 6 दिन के घोषित अवकाश में विद्यार्थियों को 8 दिनों का अवकाश मिला, क्योंकि अवकाश की शुरूआत के एक दिन पहले और अवकाश समाप्ति के एक दिन बाद रविवार अवकाश पड़ने के कारण दो दिन अवकाश अतिरिक्त मिल गया था। जानकारी के अनुसार विद्यालयों में दशहरा का अवकाश की शुरूआत 28 सितंबर से शुरू होकर 5 अक्टूबर रविवार तक रहा और करीब एक सप्ताह के अवकाश के बाद 6 अक्टूबर से पुनः विद्यालयों के पट खुल जाएंगे। जानकारी के अनुसार चालू शिक्षा सत्र में दशहरा, दीपावली तथा शीतकालीन के घोषित अवकाश के एक दिन पूर्व और एक दिन बाद रविवार अवकाश पड़ने के कारण दो दिन अतिरिक्त अवकाश मिल रहा है, इस तरह विद्यालयों में उक्त अवकाश भी आठ दिनों का रहेगा।



### शिक्षा गुणवत्ता अभियान चलेगा

दशहरा अवकाश के बाद स्कूल 6 अक्टूबर से खुल जाएंगे, इसके साथ ही जिले के सभी स्कूलों में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए शिक्षा विभाग ने विभागीय अधिकारियों एवं शिक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी है,जो विभिन्न विद्यालयों में निर्धारित दिवस को शिक्षा गुणवत्ता की जांच करेंगे।


## कार्यालय संचालक, पैरामेडिकलकोर्स
**NSDC-SDMS केंद्र क्र. 86549**

### एकवर्षीय/द्विवर्षीय डिप्लोमा/पोस्ट डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित

निम्नतालिका अनुसार के विभिन्न संभागों के विभिन्न जिलों में वे किसी भी विषय में प्राप्तांकों के अनुसार के द्वारा प्रमाणित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में हेतु आवेदन आमंत्रित है।

| जिलों का नाम | (DMLT) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निक | (OT) पोस्ट डिप्लोमा इन ओटी टेक्निक | (DIALYSIS) डिप्लोमा इन डायलिसिस | (NURSING SUPERVISOR) डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर | (NURSING ASSISTANT) नर्सिंग असिस्टेंट | (WARD BOY) वार्ड ब्वॉय | (DRESSER) ड्रेसर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धमतरी | 20 | 20 | 10 | 10 | 20 | 20 | 10 |
| रायपुर | 60 | 30 | 30 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| बिलासपुर | 30 | 20 | 20 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| जांजगीर | 30 | 30 | 10 | 60 | 60 | 10 | 25 |
| सरायपाली | 30 | 20 | 10 | 60 | 60 | 20 | 25 |

**आवेदन हेतु 10 वीं,12वीं कक्षा फेल, किसी भी ग्रुप वाले, जो हेल्थकेयर क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। जो छात्र पढ़ाई छोड़ चुके हैं वे आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार को वाट्सअप नं. पर काऊंसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (वाट्सअप नम्बर अनिवार्य है।) आवेदक को अपने अभिभावक के साथ आना अनिवार्य है।**

**नोट :-** (1) आवेदक निम्न दिए गए आवेदन पत्र को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर पूर्ण विवरण अपने हाथों से भरें और अपना स्वयं का पता स्पष्ट पूरा पिन कोड लिखकर रजिस्ट्री द्वारा निम्न पते पर भेजें। आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जायेगा। चयनित उम्मीदवारों को कॉल लेटर द्वारा काउसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (2) केवल आवेदक ही काउंसिलिंग में प्रवेश हेतु पात्र होंगे। (3) सभी जिलों के विद्यार्थी आवेदन कर सकते है। (4) विद्याकौशल के माध्यम से शैक्षणिक सुविधा उपलब्ध है।

**आवेदक पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि - 30.10.2025**
**आवेदक पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि - 10.11.2025**

**प्रति,**
**कार्यसंचालक (NSDC)**
**मॉडर्न नालेज एजुकेशन**
**शीतला चौक, जलगृह मार्ग रोड़,**
**भाठागांव रायपुर (छ.ग.) पिन-492013**

**प्रति,**
**कार्य संचालक पैरामेडिकलकोर्स**

**महोदय,**

.................................................पाठ्यक्रम में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रही हूँ।

1. आवेदक का नाम ..........................................
2. पिता/पति का नाम ..........................................
3. जन्मतिथि अंकों में ..........................................
4. अनु. जाति /अनु. जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग ..........................................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित ..........................................
   मोबाइल नंबर ..........................................
6. केंद्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ..........................................
7. शैक्षणिक योग्यता ..........................................

Skill India
कौशल भारत - कुशल भारत

**नोट : - (1)** आवेदक द्वारा एक ही फॉर्म में यदि वे एक से अधिक कोर्स का चयन करते हैं तो (ऑब्लिक (/) करके या (,) का प्रयोग कर सकता है। (2) पूर्व में आवेदन किये हुए अभ्यर्थी फिर से आवेदन ना करें। (3) जो काउंसिलिंग में उपस्थिति दे पायें वे ही आवेदन करें।

## खबर संक्षेप



### संभाग स्तरीय सांसद ट्रॉफी शतरंज प्रतियोगिता प्रारंभ

**अम्बिकापुर।** जिला मुख्यालय सूरजपुर स्थित साधुराम विद्या मंदिर के सभागार में संभाग स्तरीय सांसद ट्रॉफी शनिवार को प्रारंभ किया गया। प्रतियोगिता में संभागभर के लगभग 150 खिलाड़ियों ने भागीदारी की। दो दिवसीय प्रतियोगिता 8 चक्रों में संपन्न होगी। विजयी खिलाड़ियों को लगभग 45 हजार के नगद पुरस्कार, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। प्रदेश शतरंज संघ के प्रतिनिधि अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक अनीस अंसारी ने संघ द्वारा भेजे गए संदेश का वाचन किया। जिला शतरंज संघ द्वारा प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक प्रदीप मंडल बनाए गए हैं। इस दौरान प्रदेश शतरंज संघ के संयुक्त सचिव सरोज कुमार वैष्णव, संयोजक विश्वनाथ मनियन, चेस इस्ट्रक्टर शेषरतन जायसवाल, प्राचार्य प्रभाकर उपाध्याय, उप प्राचार्य दीनदयाल तिवारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सीमांचल त्रिपाठी एवं आभार प्रदर्शन शतरंज संघ के अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल ने किया।

### शताब्दी वर्ष पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन, शस्त्र पूजन

**बिहारपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक पुनर्जागरण के संदेश को जन-जन



तक पहुंचाने के उद्देश्य से शनिवार को स्वंयसेवकों ने भव्य पथ संचलन किया। तहसील ग्राउंड में अपराह्न 2 बजे संघ के स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में एकत्र हुए तथा पथ संचलन प्रारंभ किया। पथ संचलन मुख्य मार्ग से होते हुए नौगई चौक पर पहुंचा जहां लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। इसके पश्चात तहसील ग्राउंड में पारंपरिक विधान से शस्त्र पूजन किया गया। पूजन के दौरान राष्ट्रभक्ति गीतों, घोष वादन और ओजपूर्ण भाषणों ने वातावरण को देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धीरेंद्र जायसवाल, मुख्य वक्ता विवेक सक्सेना एवं उपखण्ड संघचालक रामरक्षा पाल ने स्वयंसेवको को संबोधित किया तथा संघ के 100 वर्षों की यात्रा समाज में इसके योगदान और आगामी चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी करने का अह्वान किया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्वयंसेवक, गणमान्य नागरिक अभिभावक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### हनुमान सेवा समिति ने दुर्गा पूजा के साथ की विभिन्न प्रतियोगिताएं

**अंबिकापुर।** नगर के महादेव गली स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में हनुमान सेवा समिति द्वारा नवरात्रि के अवसर पर मां दुर्गा की आराधना के साथ-साथ विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दशहरा व दुर्गा पूजा के दौरान समिति द्वारा रंगोली प्रतियोगिता, डांस प्रतियोगिता, डांडिया, माता का महा श्रृंगार, रूप सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 200 बच्चों ने उत्साह से हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रथम द्वितीय तृतीय प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया गया साथ ही सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। श्री हनुमान सेवा समिति के अध्यक्ष अमित जायसवाल ने बताया की विगत पांच वर्षों से मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जा रही है साथ ही विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर समिति के पूर्व अध्यक्ष ईपकेतु प्रसाद, दीपक जायसवाल, अंबिका सोनी, संपत गुप्ता, सत्येंद्र सोनी, महेंद्र सोनी, नागवंत जायसवाल, राजन गुप्ता, सागर गुप्ता, अमित जायसवाल सीए, शारदा सोनी, गोपाल जयसवाल, पुष्पक सोनी, कृष्णा जायसवाल, अखिलेश जायसवाल, कैलाश गुप्ता साथ ही महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती रूपा गुप्ता, प्रिया जायसवाल, सुनैना मेहता, सरिता जायसवाल, प्रभा सोनी, कुसुम गुप्ता, पूनम जायसवाल, लता सहित समिति के सभी सदस्यों एवं मोहल्ले वासियों का सक्रिय योगदान रहा।

## मेढ़ना जंगल में सुबह 11 बजे हुई घटना

# बीच जंगल में मवेशियों को चराने पहुंचे चरवाहे की दंतैल ने पटक कर ली जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वन परिक्षेत्र वाड्रफनगर अंतर्गत मेढ़ना जंगल में मवेशियों को चराने गए ग्रामीण की दंतैल ने पटक कर जान ले ली। सूचना पर पहुंचे वनकर्मियों ने बीच जंगल से मृतक का शव बरामद किया। शनिवार को देर शाम अस्पताल पहुंचने के कारण मृतक का शव मरच्यूरी में रखवाया गया है। रविवार को मृतक का पीएम काराया जाएगा।

**खास बातें**
- सीमावर्ती रघुनाथनगर जंगल से बीती रात पहुंचा था दंतैल
- दंतैल के मौजूद होने की नहीं थी सूचना

ग्राम मुरकौल निवासी सोहन गोड़ आ.सुखन गोड़ (60वर्ष) अपने भांजे ग्राम मदनपुर निवासी भीम सिंह आ.सीताराम गोड़ के घर रहता था तथा आसपास के ग्रामीणों के मवेशियों को चराने का काम करता था। शनिवार को वह मवेशियों को चराने ग्राम चटनिया से 2 किमी दूर दूरस्थ मेढ़ना जंगल में गया था। सुबह 11 बजे मवेशी मवेशी चरते-चरते जंगल के भीतर पहुंच गए थे। बताया जा रहा है कि एक दंतैल सीमावर्ती रघुनाथ नगर क्षेत्र से बीती रात मेढ़ना जंगल में पहुंचा था। पास में ही तमोर पिंगला अभ्यारण्य की सीमा होने के कारण दंतैल के अभ्यारण्य क्षेत्र में जाने की संभावना जताई जा रही है। दंतैल के जंगल में मौजूद होने की सूचना न तो ग्रामीणों को थी न ही वन अमले को। सोहन घने जंगल में मवेशियों को चरा रहा था इसी दौरान दंतैल से सामना हो गया। सोहन ने दंतैल से अपनी जान बचाकर भागने की कोशिश भी कि लेकिन भागने के दौरान दंतैल दौड़ाकर उसे अपने सूंड में लपेटकर पटक दिया जिससे



जंगल में मृतक का शव।

घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। कुछ देर बार लकड़ी लेने के लिए जंगल पहुंचे ग्रामीणों ने चरवाहे का शव देखा तो वनकर्मियों को घटना की सूचना दी। सूचना पर वन व पुलिस विभाग की टीम पैदल लम्बी दूरी तयकर घटनास्थल पर पहुंची तथा शव को बरामद किया। जरूरी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद वन अमला देर शाम शव लेकर सिविल अस्पताल पहुंचा जहां विलंब होने के कारण शव को मरच्यूरी में रखवाया गया। रविवार को मृतक का पीएम कराने के बाद अन्य प्रक्रियाओं को पूरा किया जाएगा।

**रहती है हाथियों की मौजूदगी**

वन अधिकारियों के अनुसार एलिफेंट रिजर्व तमोर पिंगला अभ्यारण्य से सटा होने के कारण मेढ़ना जंगल को काफी संवेदनशील माना जाता है। जंगल में कभी भी एलिफेंट रिजर्व के हाथी पहुंच जाते है तथा कभी भी अभ्यारण्य क्षेत्र में चले जाते हैं। हाथियों की मौजूदगी को लेकर क्षेत्र के ग्रामीण काफी सतर्क रहते हैं। वन अमला भी ग्रामीणों को बीच-बीच में जागरूक करते रहता है। दंतैल के बीती रात जंगल में दाखिल होने के कारण किसी को भी इसकी भनक नहीं लग सकी तथा सोहन मवेशियों को चराने जंगल के काफी भीतर तक पहुंच गया था।

**करना पड़ा 5 किमी पैदल सफर**

उप वन मंडलाधिकारी पीसी मिश्रा ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद वन व पुलिस अमला घटना स्थल के लिए तत्काल रवाना हुआ। लेकिन घना जंगल होने के कारण अमले को घटनास्थल पर पहुंचने के लिए पांच किमी का पैदल सफर करना पड़ा। शव को भी वनकर्मी वाहन तक पैदल ले आए जिसके कारण सिविल अस्पताल पहुंचने में देर शाम हो गई। रविवार को पीएम कराने के उपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**तैयार किया गया है प्रकरण**

विभाग द्वारा जनहानि का प्रकरण तैयार कर लिया गया है। रविवार को पीएम उपरांत मृतक के परिजन को 25 हजार की तात्कालिक सहायता प्रदान की जाएगी।

-पीसी मिश्रा, उपवन मंडलाधिकारी

## मीना बाजार में जुआ खेलाने एवं कमीशन लेने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



मीना बाजार में जुआ खेलाने व प्रति खेल के एवज में 70 प्रतिशत कमीशन लेने वाले 2 आरोपियों को भटगांव पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नगदी रकम व स्ट्राइकर जब्त कर जुआ की धाराओं के अलावा प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

एसएसपी के निर्देश पर जिले की पुलिस अवैध कार्य के विरूद्ध सक्रियता से लगातार कार्रवाई करने में लगी हुई है। इसी बीच गत दिन थाना भटगांव पुलिस को सूचना मिली कि मीना बाजार परिसर के अंदर एक व्यक्ति तीन स्ट्राइकर से चिन्ह बनाकर लोगों को रूपये का दाव लगाकर जुआ खेला रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची जहां राजेन्द्र ग्राम थाना अंतर्गत ग्राम महगांव निवासी अरविंद कनौजिया आ. गोपाल प्रसाद कनौजिया (25 वर्ष) को तीन स्ट्राइकर से चिन्ह बनाकर लोगों को रुपये पैसे का दांव लगा कर डबल रकम करते पाया गया। इस दौरान अन्य जुआरी पुलिस को देखकर भाग निकले। पुलिस ने मौके से 900 रूपये नगद, स्ट्राइकर, 2 नगमे, काला रंग का बना पान पत्ती जब्त किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4, 6 के तहत अपराध दर्ज किया। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि मीना बाजार संचालक बालौद अंतर्गत जवाहर नगर निवासी लखन पटेल आ. वेंकट पटेल (65 वर्ष)प्रति खेल पश्चात 70 प्रतिशत राशि कमीशन देना एवं 30 प्रतिशत स्वयं रखना बताया। मीना बाजार संचालक के परिसर के अंदर खेलते पाया जाना तथा उसके संज्ञान में होना पाए जाने पर प्रकरण में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम धारा 4(क), 6(क) के तहत कार्रवाई कर आरोपी लखन पटेल को भी गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों के विरूद्ध जुआ एक्ट की धाराओं के अलावा प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। कार्रवाई में थाना प्रभारी भटगांव सरफराज फिरदौसी व उनकी टीम सक्रिय रहे।

### पुलिस ने जुआ खेल रहे सात लोगों पर की कार्रवाई

**राजपुर।** जुआ खेलने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने 7 लोगों को मौके से पकड़ा जबकि अन्य भाग निकले। पुलिस ने जुआरियों के पास से 4480 रुपए बरामद किया है। बताया जा रहा है कि राजपुर पुलिस को 2 अक्टूबर को गस्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग भदार के जुड़यान में हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना के



बाद जब पुलिस मकान में पहुंची तो कुछ जुआरी भाग निकले लेकिन पुलिस ने मौके से बृजेश गुप्ता, मनीष गुप्ता, आशीष गुप्ता, मुख्तार अली, राहुल गुप्ता, दीपक गुप्ता, अर्जुन सिंह को पकड़ा है। पुलिस ने जुआरियों से 52 पत्ती ताश, 4480 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने मामले में धारा 3(2) छवा जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है।

# बिजली बिल की दरों में की गई वृद्धि को वापस लेने घेरा कार्यालय

**अंबिकापुर।** विद्युत बिल की दरों में हुई वृद्धि को वापस लेने समेत अन्य समस्याओं शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने विद्युत विभाग के कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान कांग्रेस ने आरोप लगाया कि 2023 में प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के आने के बाद से अब तक बिजली की दरों में 80 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि हो गई है।

- कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



घाटे के नाम पर प्रदेश की भाजपा सरकार ने न केवल बिजली की कीमतों में वृद्धि की साथ ही कांग्रेस सरकार के समय नागरिकों के हितार्थ प्रारंभ की गई बिजली बिल हाफ योजना को भी समाप्त कर दिया। इसके परिणाम स्वरूप आज विद्युत उपभोक्ताओं के बिजली बिल लगभग दो गुने हो गए हैं। इसके विरोध में कांग्रेस पार्टी पूरे छत्तीसगढ़ में विद्युत कार्यालयों के घेराव कर बढ़ी हुई दरों को वापस लेने की मांग कर रही है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि बिजली की दरों में की जा रही वृद्धि भाजपा सरकार की प्रायोजित लूट है। जब कोयला हमारा, जमीन हमारा, पानी हमारा तो हमपर बिजली दरों की महंगाई का बोझ क्यों। उन्होंने कहा कि 2023 तक कांग्रेस की सरकार में यही बिजली विभाग कम बिजली दरों और बिजली बिल हाफ योजना के बावजूद मुनाफे में था लेकिन सरकार बदलते ही भाजपा के कुप्रबंधन की वजह से बिजली विभाग घाटे में चला गया और अब उस घाटे की भरपाई का बोझ प्रादेश की जनता पर डाल दिया गया है। भाजपा के कुप्रबंधन का बोझ छत्तीसगढ़ की जनता क्यों सहे। इसके साथ ही विद्युत दरों में की गई वृद्धि के विरोध में युवा कांग्रेस ने हस्ताक्षर अभियान चलाया और लोगों से सम्पर्क कर बिल वृद्धि को वापस लेने के लोगों के हस्ताक्षर लिए। इस दौरान जेपी श्रीवास्तव, द्वितेन्द्र मिश्रा, राकेश गुप्ता, हेमंत सिन्हा, विनय शर्मा, मो इस्लाम, विनीत विशाल जायसवाल, इंद्रजीत सिंह धंजल, रामविनय सिंह, जगन्नाथ कुशवाहा, सीमा सोनी, लोकेश पासवान, आशीष जायसवाल, चंद्रप्रकाश सिंह, रजनीश सिंह, युवा कांग्रेस के हिमांशु जायसवाल, सतीश बारी, विष्णु सिंहदेव सहित अन्य मौजूद थे।

## सड़क किनारे जुआ खेल रहे 9 जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा

**अम्बिकापुर।** ग्राम भदार सड़क किनारे हार जीत का दांव लगा रहे 9 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गश्त कर रहे राजपुर पुलिस को मुखबिर सूचना मिली कि ग्राम भदार सड़क किनारे बड़ी संख्या में लोग एकत्र होकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर हार जीत का दांव लगा रहे गांव के ही बृजेश गुप्ता, मनीष गुप्ता, आशीष गुप्ता, मुकतार अली, राहुल गुप्ता, दीपक गुप्ता, अर्जुन सिंह, धनेशवर मरकाम व राजेश गुप्ता को गिरफ्तार कर फड़ से 52 पत्ती सहित 4 हजार 480 रुपए जब्त किया। पुलिस ने सभी जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस के दबिश देने के पूर्व ही कई जुआरी भाग निकले।

## जमीन बंटवारा को लेकर छोटे भाई ने बड़े भाई पर किया जानलेवा हमला, मौत

**अम्बिकापुर।** नवाखाई त्यौहार मनाने के दौरान छोटे भाई ने पिता के साथ मिलकर बड़े भाई पर डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट से गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम बटईकेला निवासी मुन्ना राम आ. खीरू राम (60 वर्ष) 2 अक्टूबर को गांव में नवाखाई त्यौहार मना रहे थे। त्यौहार के दिन मुन्ना राम अपने घर के आंगन में बैठा था जबकि पत्नी रामपति गांव के ही राजेन्द्र, बैना व नान्दू को भोजन खिला रही थी। इसी दौरान छोटा भाई ठाकुर राम व पिता खीरू राम उसके घर पहुंचे और जमीन बटवारा को विवाद करना शुरू कर दिया। विवाद इतना बढ़ गया कि छोटे भाई ठाकुर राम ने डंडे से बड़े भाई मुन्ना राम के सिर पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर मारपीट की जानकारी लगते ही भोजन कर रहे राजेन्द्र, बैना व नान्दू बीच बचाव कर घायल को सीतापुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है और अग्रिम कार्रवाई के लिए डायरी संबंधित थाने भेज दिया है।

# सांसद चिंतामणि महाराज पहुंचे भांड़ी गांव, पीड़ित परिजन से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

विकासखंड ओड़गी के ग्राम पंचायत भांड़ी में बीते दिनों फैली उल्टी-दस्त की गांव के लोगों में दहशत फैल गया। दूषित पेयजल के कारण कई ग्रामीण बीमार हो गए, वहीं तीन महिलाओं की असमय मृत्यु से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई।

- स्वास्थ्य व्यवस्था की ली समीक्षा

गौरतलब है कि 20 से 25 दिन पूर्व विमला पैकरा की मृत्यु उल्टी दस्त से हुई थी। तथा दो दिन पूर्व प्रीति देवांगन व कुमारों पैकरा की मौत और आधा दर्जन से अधिक लोगों के बीमार पड़ जाने से गांव में भय का माहौल बना दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि



लंबे समय से नल जल योजना का जल स्रोत दूषित हो गया है और टंकी की साफ सफाई न होने से टंकी का दूषित पानी घरों में प्रवाहित हो रहा है जिससे लोग डायरिया से पीड़ित हो गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सांसद चिंतामणि महाराज शनिवार को भांड़ी पहुंचे। उन्होंने मृतक व पीड़ित के परिजन से मुलाकात कर हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। सांसद ने प्रभावित मरीजों से आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं घर जाकर स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि बीमार ग्रामीणों को तत्काल उचित उपचार तथा पीएचई विभाग को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति हेतु तत्काल खराब पड़े पंप को तत्काल बदलने के निर्देश दिए और दवा वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। सांसद महाराज ने अधिकारियों को सख्त लहजे में कहा कि जनता का स्वास्थ्य सर्वोपरि है, लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**मौके पर पहुंचे कलेक्टर**

कलेक्टर एस जयवर्धन भी घटना की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग, पीएचई तथा जिला प्रशासन की टीम के साथ ग्राम भांड़ी पहुंचे। उन्होंने गांव के हालात का मौके पर जायजा लिया और स्वास्थ्य अमले से बीमार लोगों के उपचार की जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी हालत में ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति में लापरवाही न हो। नल-जल योजना की सभी टंकियों की तुरंत सफाई की जाए और जल की गुणवत्ता की जांच प्रतिदिन की जाए। स्वास्थ्य विभाग गांव में कैंप लगाकर सभी ग्रामीणों की स्क्रीनिंग करे ताकि कोई भी व्यक्ति बिना इलाज के न रहे। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि वे घबराएं नहीं, प्रशासन हर संभव मदद के लिए उनके साथ है। इस दौरान राजीव प्रताप सिंह, सत्यनारायण सिंह, प्रकाश दुबे, राजेश्वर तिवारी,अमन सिंह,अनिमेष दुबे, मुकेश श्रीवास्तव, नवीन गोयल, सीएमएचओ केडी पैकरा, एसडीएम चांदनी कंवर, तहसीलदार सुरेश राय, सीईओ निलेश सोनी, बीएमओ बंटी बैरागी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

बिश्रामपुर। नगर में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर बंगाली कल्चर एसोसिएशन बिश्रामपुर द्वारा भक्तिभाव व उत्साह के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया,मां दुर्गा की आराधना के नौ दिनों तक चले इस आयोजन ने न केवल बंगाली समाज को बल्कि नगर के हर वर्ग को भक्ति की धारा में एकजुट कर दिया,विसर्जन यात्रा में ढाक की गूंज, शंखनाद और बोलो दुर्गा माई की जय के जयघोष से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में डूब गया,रंग-बिरंगे वस्त्रों में सजे श्रद्धालु माता की आरती,नृत्य और गीतों के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए,मां की प्रतिमा को बाजे गाजे और पुष्पवर्षा के बीच विदाई दी गई,आयोजन को सफल बनाने में तपन पाल,मलय नंदी,



श्याम घोषाल, प्रकाश कर, समीर सरकार,हेमंतो मुखर्जी, सजल मित्रा, गौतम पाल, नीलू कर, मिली कर,मोली नंदी,विजया पाल,नयनतारा राय, श्रीमती अधिकारी, श्रीमती भट्टाचार्य सहित पूरी टीम की सक्रिय भूमिका रही,इन सभी ने पूरे उत्सव के दौरान व्यवस्था, सजावट, सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रसाद वितरण में अहम योगदान दिया।

## जूनियर बालिका विजेता रुनियाडीह टीम को 5 हजार नगद तथा ट्रॉफी दी गई

# रामनगर में हुई संभाग स्तरीय रात्रिकालीन महिला कबड्डी स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



शारदीय नवरात्रि के अवसर पर मां सती चौक रामनगर के खेल प्रांगण में स्व.माधुरी देवी एवं स्व.उमेश शर्मा स्मृति कप संभाग स्तरीय रात्रि कालीन महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी रात्रि कालीन महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने तथा उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने की दृष्टि से किया गया।

प्रतियोगिता में सीनियर महिला वर्ग में कुंजनगर, खोंड जिला-कोरिया, बरपारा भैयाथान, रुनियाडीह, सरस्वतीपुर, डेडरी, पचिरा तथा खोंपा भैयाथान की टीमों ने भाग लिया,वहीं जूनियर बालिका वर्ग में राजकुमार पब्लिक स्कूल रामनगर, रुनियाडीह, बरपारा भैयाथान की टीमों ने भाग लिया, लीग आधारित खेले गए मैचों में सभी टीमों को एक दूसरे से खेलने और सीखने का अवसर प्राप्त हुआ,साथ ही उच्चतम अंक हासिल करने वाली दो-दो टीमों ने फाइनल में जगह बनाई,चयनित टीमों के मध्य फाइनल प्रतियोगिता विजयादशमी के दिन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि बिश्रामपुर नपं के पूर्व अध्यक्ष राजेश यादव थे, अन्य अतिथियों में पार्षद रविशंकर बउवा, बीडीसी शकेश्वर सिंह, बाबूलाल यादव, शैलेश जायसवाल, उप सरपंच सीलाक सिंह, हुपेश प्रजापति,राधे कृष्ण अवतार प्रजापति, डॉ सुनील श्रीवास्तव, पूर्व उपसरपंच जगरनाथ यादव, पलाश, खरसुरा उप सरपंच राजेश कुमार यादव थे। जूनियर बालिका कबड्डी बरपारा भैयाथान व रुनियाडीह के मध्य खेला गया, जिसमें रुनियाडीह टीम विजेता व बरपारा टीम उपविजेता बनी,सीनियर महिला कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मैच सरस्वतीपुर व पचिरा के मध्य खेला गया,जिसमें पचिरा टीम विजेता व सरस्वतीपुर टीम उपविजेता बनी,छह दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में दिनेश कुमार साहू राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक एवं राष्ट्रीय रेफरी, प्रभा शंकर प्रसाद राष्ट्रीय रेफरी, राजाराम विश्वकर्मा तथा सुश्री मोनिका सिंह निर्णायक की भूमिका में रहे। सभी निर्णायकों को आयोजन कमेटी ने स्मृति चिन्ह एवं सम्मान राशि देकर सम्मानित किया गया, प्रतियोगिता में सीनियर महिला विजेता पचिरा टीम को 7 हजार रुपए नगद तथा ट्रॉफी, उप विजेता सरस्वतीपुर टीम को 5 हजार रुपए नगद तथा ट्रॉफी दी गई,जूनियर बालिका विजेता रुनियाडीह टीम को 5 हजार रुपए नगद तथा ट्रॉफी तथा उप विजेता बरपारा भैयाथान की टीम को 3 हजार रुपए नगद तथा ट्रॉफी दी गई।

# अलग-अलग क्षेत्रों में पदस्थ दो दर्जन माइनिंग अधिकारियों का तबादला

**बिश्रामपुर।** शनिवार को एसईसीएल मुख्यालय से जारी तबादला आदेश में अलग अलग क्षेत्रों में पदस्थ दो दर्जन माइनिंग अधिकारियों का प्रभार बदलकर उन्हें नई जिम्मेदारी दी गई है। जारी आदेश में कंपनी हेड क्वार्टर में पदस्थ बीके जेना को सोहागपुर क्षेत्र का एरिया जनरल मैनेजर नियुक्त किया गया है। सोहागपुर जीएम एसएस परांजपे मुख्यालय में सीएमडी के ओएसडी नियुक्त किए गए हैं, कोरबा के प्रभारी जीएम और जीएम ऑपरेशन का कार्य देख रहे राजेश कुमार गुप्ता को स्थाई रूप से कोरबा क्षेत्र का महाप्रबंधक नियुक्त किया गया है, रमेश बसंत सिंधुर सब एरिया मैनेजर गेवरा एरिया को हेड क्वार्टर में टी एस टू सीएमडी नियुक्त किया गया है, संजीव कुमार हेड क्वार्टर से जीएम ऑपरेशन एंड स्टॉफ ऑफिसर प्रोडक्शन एंड प्लानिंग दीपिका एरिया नियुक्त किए गए हैं, पार्थ मुखर्जी दीपका से सबएरिया मैनेजर गेवरा, संजय कुमार सिन्हा को हेड क्वार्टर में ही जीएम ई एंड एफ का एचओडी नियुक्त किया गया है, रजनीश पांडेय झरिया ओसी हसदेव से सब एरिया मैनेजर दुर्गापुर रायगढ़ क्षेत्र, प्रशांत शर्मा बहेरा बांध हसदेव से सब एरिया मैनेजर आर जी के बिश्रामपुर एरिया, यूएन झा सब एरिया मैनेजर आरजीके खदान से जीएम ऑपरेशन कोरबा एरिया, शुभांकर मित्रा को कुर्जा के साथ बहेरा बांध सब एरिया मैनेजर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है, धर्मेंद्र कुमार रघुवंशी को राजनगर के साथ झिरिया ओसी के सब एरिया मैनेजर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है, बेचन सिंह को भटगांव के जगन्नाथ ओसी की जगह मैनेजर नवापारा भटगांव यूजी नियुक्त किया गया है, शंभू मिश्रा मैनेजर एनसीपी एच चिरमिरी को एरिया हेड क्वार्टर चिरिमिरी पदस्थ किया गया है, मुकेश कुमार चतुर्वेदी भटगांव से मैनेजर एनसीपीएच चिरिमिरी, नितिन एम पारखी को मैनेजर जगन्नाथ ओसी भटगांव, तुषार अरुण वाघमारे बैकुंठपुर से गेवरा, पंकज कुमार रॉय कुसमुंडा से गेवरा, कुमार सिलभद्र गेवरा से कुसमुंडा, संजय कुमार सिंह गेवरा से कोरबा, विजय कुमार गेवरा से चिरमिरी, प्रभात कुमार जायसवाल गेवरा से बैकुंठपुर,शुभम राठौर कोरबा से गेवरा एवं विनोद कुमार चंद्राकर चिरमिरी से गेवरा पदस्थ किए गए हैं।

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH










## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री**

मोहनी स्पेशलिस्ट

हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

**ऑफिस आने पर मात्र ₹251/- फोन से परामर्श केवल ₹501/-**

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान**



**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



**बुकिंग के लिए संपर्क करें : 96308-91863**

*असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें*

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
**नया रामावतार पेट्रोल पंप के सामने, सहदेवड़ा ज्वेलर्स के बाजू दर्री रोड, कोरबा (छ.ग.)**

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : 96308-91863**

## खबर संक्षेप

### वन्यजीव संरक्षण के लिए विशेष पहल, एनिमल एडॉप्शन कैंपेन

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार 8 अक्टूबर तक वन्यप्राणी सप्ताह मनाया जा रहा है इस अवसर पर सरगुजा वनमंडल द्वारा आज से एनिमल एडॉप्शन कैंपेन की विशेष शुरुआत की गई।कार्यक्रम की शुरूआत बाईक रैली से हुई जो वनमंडल कार्यालय से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए ऑक्सीजन पार्क में समाप्त हुई। रैली में बड़ी संख्या में वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए और उन्होंने नागरिकों को संदेश दिया कि वन्यजीव केवल जंगलों तक सीमित नहीं हैं, उनका संरक्षण हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। डीएफओ आभिषेक जोगावत ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य लोगों को वन्यजीवों के महत्व से जोड़ना और समाज में संरक्षण की सामूहिक भावना को बढ़ावा देना है। प्रशिक्षु आईएफइस सुश्री श्वेता काम्बोज एवं सहायक वनसंरक्षक श्रीमती जैनी ग्रेस कुजूर के नेतृत्व में आयोजित इस रैली ने शहरवासियों का विशेष ध्यान आकर्षित किया।

### क्षेत्र में शुरू हुई मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना

**राजपुर।** प्रदेश के साथ ही विकासखंड में भी मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना का उदघाटन किया गया। इस योजना के तहत जिले में भी 2 रूट में योजनान्तर्गत मुख्यमंत्री ग्रामीण बस संचालित होगी। जिससे ग्रामीण अंचलों में रहने वाले लोगों के जीवन को सुविधाजनक बनाने और उनके विकास में एक नई दिशा प्रदान करेगी। विकासखंड में राजपुर-परसगुड़ी-चिलमाकला-नर्सिंगपुर जबकि रामानुजगंज क्षेत्र में रामानुजगंज-बहरचुरा, चरगड-चेरवादेही-भितर चुरा के बीच बस का संचालन किया जाएगा। पहले दिन भाजपा नेता व नरसिंहपुर उप सरपंच सतीश सिंह व स्थानीय लोगों ने गाड़ी को हरी झंडी दिखाई गई।इन रूटों में बस के संचालन से ग्रामीण अंचल के लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए जिला मुख्यालय तक पहुंचने में समय की बचत होगी। ग्रामीण अंचल में सड़क परिवहन की सुविधा की कमी लंबे समय से ग्रामीणों की समस्या रही है। लेकिन शासन के जन हित योजना अन्तर्गत समस्याओं का समाधान किया जा रहा है जिसमें मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन की सुविधा बढ़ाना है।

### लो प्रेशर के प्रभाव से चार दिनों में 62.5 मिमी वर्षा

**अम्बिकापुर।** खाड़ी में सक्रिय लो-प्रेशर एवं चक्रवाती परिसंचरण अब छत्तीसगढ़ से बाहर निकल गया है इसके बावजूद पूरे दिन छिटपुट वर्षा होती रही। मौसम विज्ञानी रविवार को लो प्रेशर के कमजोर पड़ने के साथ ही धूप निकलने एवं स्थानीय प्रभाव से कहीं-कहीं छिटपुट वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे है। फिलहाल खाड़ी में कोई सिस्टम बनने की संभावना नहीं है।
खाड़ी में सक्रिय लो प्रेशर के प्रभाव से पिछले चार दिनों से लगातार वर्षा हो रही है। शुक्रवार को लो प्रेशर के उत्तर छत्तीसगढ़ के ऊपर केंद्रित होने के कारण रूक-रूक कर लगातार 24 घंटे तक वर्षा होती रही। शुक्रवार को दिन में 13.4 मिमी वहीं शनिवार को सुबह 24.9 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। मौसम कार्यालय द्वारा पिछले चार दिनों के भीतर कुल 62.5 मिमी वर्षा दर्ज किया गया है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार 30 सितम्बर को मानसून काल समाप्त होने के बाद अक्टूबर मध्य तक उत्तर छत्तीसगढ़ से मानसून की वापसी होती है। मानसून की वापसी के दौरान अक्टूबर में औसत 58.0 मिमी वर्षा होती है। लो प्रेशर के प्रभाव से पिछले चार दिनों में ही औसत वर्षा का कोटा पूरा हो गया है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### शरद पूर्णिमा आज...

विशेष रूप से पूजा की जाती है, इसके अलावा कई लोगों के द्वारा सुबह स्नान कर पूजा-अर्चना कर ब्राम्हणों को भोजन कराया जाता है और दान दी जाती है। कथाओं के अनुसार श्रीकृष्ण ने राधा व गोपियों के साथ आश्विन माह की पूर्णिमा तिथि को रास लीला की थी और अनेक रूप धारण कर सभी के साथ लीलाएं की थी,इसी दिन अमृत वर्षा भी चंद्रमा से होती है।

### वरिष्ठजनों ने वीरांगना की छवि पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी

# सिरौली में मनाई गई वीरांगना रानी दुर्गावती की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

वीरांगना रानी दुर्गावती की जयंती के अवसर पर ग्राम सिरौली में आदिवासी गोंड समाज द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केरूप में पूर्व विधायक गुलाब कमरो शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान शंकर-पार्वती एवं वीरांगना रानी दुर्गावती की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन के साथ विधिवत रूप से किया गया। पूजा के पश्चात समाज के वरिष्ठजन ने वीरांगना की छवि पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से शरण सिंह, अमोल सिंह मरावी, परमेश्वर सिंह गुरूजी, जगत नारायण सिंह, शिवरतन सिंह, अमर सिंह, सरपंच जुगुम बाई, जनपद सदस्य पूजा कोल, मोतीलाल सिंह, संतोष सिंह, तेजभान सिंह, गेंदलाल सिंह, भूपत सिंह, विश्वनाथ सिंह, सुंदर सिंह, ब्रह्मा सिंह, मदन सिंह सहित काफी संख्या में सामाजिक बंधु एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। पूर्व विधायक श्री कमरो ने कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती हमारी धरती की गौरवगाथा हैं। उन्होंने मातृभूमि और अस्मिता की रक्षा के लिए बलिदान दिया। आज भी उनका जीवन आदिवासी समाज और संपूर्ण भारतवर्ष के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। हमें रानी दुर्गावती की वीरता, त्याग और न्यायप्रियता से सीख लेकर समाज और राष्ट के विकास में योगदान देना चाहिए। वरिष्ठ कांग्रेस नेता शरण सिंह ने कहा कि सरकार और समाज को मिलकर रानी दुर्गावती के आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना होगा, ताकि आने वाली पीढ़ियां अपनी वीर मातृभूमि पर गर्व कर सकें।

### मातृभूमि और अस्मिता की रक्षा के लिए बलिदान दिया



### कौन थीं वीरांगना रानी दुर्गावती

रानी दुर्गावती का जन्म 1524 ईस्वी में गोंडवंशीय राजघराने में हुआ था। वे राजा कीरत राय की पुत्री थीं। उनका विवाह गोंडवाना के राजा दलपत शाह से हुआ। पति के निधन के बाद उन्होंने अपने पुत्र वीर नारायण के साथ शासन संभाला और अत्यंत कुशलता से राज्य का संचालन किया। जब मुगल सम्राट अकबर ने गोंडवाना पर अधिकार करने के लिए सेना भेजी, तब रानी दुर्गावती ने वीरता और साहस के साथ युद्ध किया। उन्होंने हार स्वीकार करने के बजाय युद्धभूमि में वीरगति प्राप्त की। 24 जून 1564 को वह रणभूमि में वीरता से लड़ते हुए अमर हो गईं। रानी दुर्गावती आज भी त्याग, साहस, स्वाभिमान और मातृभूमि प्रेम की प्रतीक मानी जाती हैं। अंत में ग्राम के वरिष्ठों द्वारा अतिथियों का स्वागत व सम्मान किया गया। सामूहिक भोजन के पश्चात कार्यक्रम का समापन जयघोष वीरांगना रानी दुर्गावती अमर रहे के नारों के साथ हुआ।

## भारतीय पनिका समाज जिला इकाई की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर




भारतीय पनिका समाज जिला इकाई कोरिया का आवश्यक बैठक 4 अक्टूबर को सामाजिक भवन ग्राम खोड़री में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजाराम जाता के द्वारा की गई। बैठक में मुख्य रूप से संभागीय अध्यक्ष सरगुजा संभाग रामधन देवांगन उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए सर्व सहमति से निर्णय लिया गया है। इसमें अक्टूबर माह के अंत में सामाजिक शपथ ग्रहण कार्यक्रम कराना है।

शपथ कार्यक्रम में जिला समिति,ब्लॉक समिति,इकाई ग्राम समिति,शपथ लेंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि, सामाजिक गतिविधियों कार्यक्रमों का सामाजिक पत्रिका छपवाया जाएगा। कार्यक्रम शपथ समारोह के मुख्य अतिथि रामधन देवांगन संभागीय अध्यक्ष सरगुजा संभाग एवं विशिष्ट अतिथि जिला सूरजपुर एवं जिला एमसीबी के जिला प्रमुखो को आमंत्रित किया जाएगा। सामाजिक एकता और अखंडता को मजबूत बनाने में हर पहलुओं पर कार्य किया जाएगा और शपथ कार्यक्रम में तन मन धन से सहयोग कर कार्यक्रम को भव्य रूप से कराने का संकल्प लिया गया। बैठक के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष सरगुजा संभाग रामधन देवांगन, विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष राजाराम जाता, पूर्व जिला अध्यक्ष सतनारायण गोयन, रामलाल टांडिया,तकेश्वर प्रसाद, बाबूलाल गोयन, छत्रपाल देवांगन,संजय चिकनजूरी,संजू पंडवार,चंद्रिका प्रसाद, जयप्रकाश, रवि चिकनजूरी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष उमाशंकर बंटी, जिला मीडिया प्रभारी लालदास महंत, दीपक कुलहरिया, सोमदास, शिवनारायण देवांगन, पीतांबर देवांगन, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बबीता ग्वाले, महिला मोर्चा मीडिया प्रभारी भारती, कमला देवी, दरोगा प्रसाद, रमेश पंडवार, मूंगलाल पंडवार,देवेन्द्र दास महंत सहित अन्य लोग काफी संख्या में उपसस्थित रहे।

## महलपारा में आरएसएस का पथ संचलन

**बैकुण्ठपुर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का विजयादशमी पर शताब्दी वर्ष पूरे होने के उपलब्ध में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में रविवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा शहर के महलपारा बस्ती में पथ संचलन किया। इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य सक्रियता से भाग लिया। पंथ संचलन के बाद विद्यालय परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में घनश्याम प्रसाद गुप्ता रहे , वहीं मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक कोरिया नागेश नाथ योगी ने अपना संबोधन दिया। इस अवसर पर नरेश सोनी, शैलेन्द्र शर्मा, अमित श्रीवास्तव, रमाकांत शुक्ल समेत काफी संख्या में स्वयं सेवक मौजूद रहे।




## दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान कांग्रेस नेता पर जानलेवा हमला





अस्पताल में भर्ती घायल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिले में अपराधिक घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। दशहरा के दिन युवती की चाकू से गोदकर हत्या और फिर शाम को महामाया मंदिर परिसर में चाकूबाजी के बाद बीती रात दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान कांग्रेस नेता पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। इस घटना में कांग्रेस नेता दिलीप धर और उनके भाई राजेन्द्र धर गंभीर रूप से घायल हुए है।

गांधीनगर थाना अंतर्गत भगवानपुर में भी बंग समाज के लोगों द्वारा दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन की तैयारी की गई थी। समाज के लोग नाचते गाते दुर्गा विसर्जन के लिए लटोरी चौकी अंतर्गत पड़ने वाले सेमरा से लगे सोनवाही बांध गए हुए थे। बताया जा रहा है कि समाज के लोग दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन की तैयारी कर रहे थे इस दौरान किसी ने कांग्रेस जिला सचिव दिलीप धर को इस बात की जानकारी दी कि उसे और उसके परिवार के लोगों को मारने की योजना बनाकर कुछ लोग हथियार लेकर पहुंचे हुए है। ऐसे में दिलीप धर अपने भाई राजेन्द्र धर और पुत्र दीपेश धर को लेकर दूसरे रास्ते से वापस लौट रहे थे।

दिलीप धर ने बताया कि वापस घर लौटते समय मौके पर मौजूद विशाल मजुमदार, अमर पाण्डेय, कमल पाण्डेय, विनीत बोस, विशाल घोष, पवन विश्वास, उज्जवल सहित 15-20 लोगों ने उन्हें घेर लिया और अपने पास रहे रॉड, गुप्ती, फाइटर, स्टिक सहित अन्य हथियारों से हमला कर दिया। पहले उन्होंने दिलीप धर की जमकर पिटाई और जब उसका भाई राजेन्द्र धर बीच बचाव करने आया तो उन्होंने उसकी भी पिटाई की। इसके साथ ही लोगों ने दिलीप धर के पुत्र दीपेश धर पर भी हमला किया। इस हमले में दोनों भाई लहू लुहान हो गए। मारपीट के दौरान किसी तरह बचकर दिलीप धर अपने बेटे के साथ धान के खेत में छिप गया।

मारपीट की सूचना मिलने के बाद जब लोगों की भीड़ एकत्रित होने लगी तो हमलावर भाग निकले। दिलीप धर का कहना है कि मारपीट की आशंका पर उन्होंने गांधीनगर पुलिस को सूचना दी थी लेकिन पुलिस समय पर मदद के

## प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के लिए 94 परिवारों ने कराया पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर



जिले में अब सूरज की तपिश से घरों में बिजली जलेगी। प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के अंतर्गत कोरिया जिले के 94 लोगों ने पंजीयन कराया है और करीब 10 लोगों ने अपने घरों की छत पर सोलर पैनल स्थापित किए हैं। लाभार्थियों ने बताया कि योजना की जानकारी उन्हें समाचार पत्रों और सोशल मीडिया से मिली। इसके बाद उन्होंने स्थानीय बिजली कार्यालय से संपर्क किया और बैंक से ऋण लेकर सोलर पैनल स्थापित किया।

बैकुंठपुर विकासखंड के महलपारा के डॉ. बलवंत सिंह, हरार्पारा के श्रीमती शारदा साहू तथा डामरपारा निवासी ओमप्रकाश राजवाड़े ने बताया कि उन्हें केन्द्र सरकार से मिलने वाली सब्सिडी समय पर प्राप्त हो गई। उपभोक्ताओं को और राहत पहुंचाने के लिए छग सरकार भी योजना में 30 हजार रूपए तक का अतिरिक्त अनुदान प्रदान कर रही है। 1 किलोवाट सोलर प्लांट पर केन्द्र से 30 हजार और राज्य से 15 हजार, कुल 45 हजार रूपए, 2 किलोवाट पर केन्द्र से 60 हजार और राज्य से 30 हजार, कुल 90 हजार रुपए, 3 किलोवाट पर केन्द्र से 78 हजार और राज्य से 30 हजार, कुल 1 लाख 8 हजार रूपए की सब्सिडी मिलेगी। लाभार्थियों का कहना है कि इस योजना से उन्हें आर्थिक बचत होगी और अब सूरज की तपिश से भी उनका घर रौशन होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार जताते हुए कहा कि सूर्यघर योजना ने उनका सपना साकार कर दिया है। सीएसईबी कोरिया में पदस्थ ईई आरपी मिश्रा ने बताया कि पीएम सूर्यघर के बारे में आम लोगों को जानकारी दी जा रही है।

## अकलासरई का अमृत सरोवर बना अजीविका का साधन

**बैकुण्ठपुर।** पहले हमारे खेत सूख जाते थे, तालाब में पानी गर्मी आते-आते खत्म हो जाता था। बरसात के बाद खेतों में बोवाई तो होती थी, पर रबी की फसल का सपना भी नहीं देख सकते थे। यह कहते हुए अकलासरई के किसान दिलीप अपने बदले हुए हालात पर मुस्कुराते हैं। ग्राम पंचायत अकलासरई का पुराना बंधवागढ़ा तालाब कभी गांव की जान था, लेकिन धीरे-धीरे गाद से भरकर बेकार हो गया। निस्तार तक के लिए पानी न बचता, सिंचाई की तो बात ही दूर थी।

किसान मजबूर थे और गांव की महिलाओं को अतिरिक्त आमदनी का कोई साधन नहीं था, फिर आया मिशन अमृत सरोवर। मनरेगा योजना से लगभग 10 लाख रूपए खर्च कर तालाब का जीर्णोद्धार और गहरीकरण हुआ। देखते ही देखते यह तालाब फिर से जीवंत हो उठा। अब यहां 12,500 घनमीटर पानी ठहरता है। किसान कुलदीप बताते हैं कि आज हमारे 15 एकड़ से ज्यादा खेतों में सिंचाई हो रही है।

■ घर के खर्च से लेकर बच्चों की पढ़ाई तक का सहारा हमें यहीं से मिल रहा है

खरीफ तो होती ही है, अब रबी की फसल भी बो पाएंगे। गांव की महिलाओं की कहानी भी उतनी ही प्रेरणादायी है। ग्राम पंचायत ने इस तालाब को मां नर्मदा स्व-सहायता समूह को मछली पालन के लिए लीज पर दिया। समूह की अध्यक्ष बसंती देवी कहती हैं हमने तीन किस्म की मछलियां डालीं। पिछले साल 45 हजार रूपए की कमाई हुई। इस साल 5 से 8 क्विंटल मछली मिलने की उम्मीद है। घर के खर्च से लेकर बच्चों की पढ़ाई तक का सहारा हमें यहीं से मिल रहा है।

## मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, गिरा मिट्टी का मकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज



पिछले तीन दिनों से रूक-रूक कर हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। लगातार हो रही तेज बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं वहीं कन्हर नदी का जलस्तर एक बार फिर बढ़ गया है जिससे निचले इलाकों में जलभराव और बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।

लगातार बारिश से नगर के वार्ड क्रमांक 11 में खाली पड़ा एक मिट्टी का मकान अचानक ढह गया। हादसे के समय घर के पास ही एक व्यक्ति सोया था। मकान गिरने की आवाज सुनते ही वह भाग निकला। मोहल्लेवासियों ने बताया कि घटना देर रात करीब 2:30 बजे की है। घर गिरने की तेज आवाज से मोहल्ले में दहशत फैल गई थी। मूसलधार बारिश से ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी गंभीर होती जा रही है। संपर्क मार्गों पर पानी भरने से आवाजाही में दिक्कतें हो रही है। कई कच्चे मकानों में पानी घुसने की खबरे भी सामने आई हैं। प्रशासन ने निचले इलाकों में निवासरत ग्रामीणों से सतर्कता बरतने और आवश्यकता होने पर ऊंचे व सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने का अह्वान किया है। इसी तरह बारिश का दौर जारी रहा तो कन्हर नदी का जलस्तर और अधिक बढ़ने से बाढ़ जैसे हालात निर्मित होने की संभावना जताई जा रही है। प्रशासन की निगरानी टीमें लगातार जलस्तर पर नजर बनाए हुए हैं और राहत-बचाव कार्यों की तैयारी पूरी कर ली गई है।

नपा परिषद् के अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने बताया कि लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है, लेकिन नगर में हालात नियंत्रण में है। नगर पालिका की टीम पूरी तरह अलर्ट पर है और बारिश के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

### अन्य राज्यों में हो चुकी है बच्चों की मौतें

# सूअरों में जापानी इंसेफेलाइटिस की पुष्टि स्वास्थ्य विभाग को किया गया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में जापानी इंसेफेलाइटिस की पुष्टि हुई है। पशु विभाग द्वारा जिले भर से एकत्रित गए 120 सूअरों के सैंपल में से 61 सैंपल पॉजिटिव पाए गए है। जेई वायरस की पुष्टि होने के बाद पशु चिकित्सा विभाग के साथ ही सरगुजा स्वास्थ्य विभाग की चिंताएं बढ़ गई है। ऐसा इस लिए क्यों कि यह एक जानलेवा बीमारी है जिसे जापानी बुखार के नाम से भी जाना जाता है और यह मच्छरों के काटने से फैलने वाली बीमारी है। यदि जापानी इंसेफेलाइटिस से संक्रमित सुकर को काटने के बाद मच्छर ने इंसान को काट लिया तो यह इंसान में भी फैल जाती है। दरअसल पशु चिकित्सा सेवाएं द्वारा जापानी




इंसेफेलाइटिस के संदेह पर सरगुजा जिले के अंबिकापुर, लुंड्रा, बतौली, सीतापुर, मैनपाट क्षेत्र से 120 सूअरों के सैम्पल लिए गए थे और सैम्पल को जांच के लिए आईसीएआर निवेदी बेंगलुरु भेजा गया था। इस दौरान जांच में कुल 61 सैम्पल में जापानी इंसेफेलाइटिस वायरस की पुष्टि हुई है। जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद पशु चिकित्सा विभाग में हड़कंप मच गया है। पशु चिकित्सा विभाग की ओर से स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट कर चेतावनी जारी की गई है और एसओपी का पालन करते हुए सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए है हालांकि पशु चिकित्सा

### क्या है लक्षण

जापानी इंसेफेलाइटिस के अधिकांश संक्रमण बिना लक्षण के होते है लेकिन कुछ में गंभीर रोग विकसित होता है जिसके प्रारंभिक लक्षण बुखार, सिर दर्द, उल्टी, थकान, सुस्ती है। इसके साथ ही संक्रमण बढ़ने पर तेज बुखार के साथ ही मानसिक भ्रम की स्थिति पैदा होती है। गर्दन में अकड़न होती है, बच्चों को दौरे पड़ते है और बेहोशी, कोमा के साथ ही न्यूरोलोजिकल समस्या जैसे लकवा, बोलने में समस्या होती है। वर्तमान में सरगुजा जिले में इसके जांच की सुविधा नहीं है और सैम्पल को जांच के लिए रायपुर ही भेजा जा सकता है।

### हुई है जेई वायरस की पुष्टि

सरगुजा से सूअरों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया था। जांच रिपोर्ट में जापानी इंसेफेलाइटिस की पुष्टि हुई है। कुल 61 प्रकरण मिले है। हमारी तरफ से स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट कर दिया गया है और सावधानी बरतने को कहा गया है।

डॉ. आरपी शुक्ला
उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं

### यह मस्तिष्क को करता है प्रभावित

जापानी इंसेफेलाइटिस की पुष्टि हुई है। यह जानवरों से मच्छर के माध्यम से इंसानों में फैलता है। यह मनुष्य के मस्तिष्क को प्रभावित करता है। जेई का कोई विशेष एंटीवायरल इलाज नहीं है। इसका लक्षण आधारित उपचार किया जाता है। बच्चों को इस बीमारी से बचाव के लिए टीका लगाया जाता है। लोग अपने आस पास सफाई रखे और मच्छर को पनपने से रोके। मच्छरदानी का उपयोग करें। किसी भी प्रकार के लक्षण नजर आने पर चिकित्सक से सम्पर्क करें।

-डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता
नोडल अधिकारी

